द्वितीय
वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा विवरण
2013-2014

PAAYAS™
पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी

पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

(कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के प्रावधानों के अन्तर्गत निगमित)

(नोट : हिन्दी भाषा में अनुवादित दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता पाये जाने पर अंग्रेजी भाषा में लिखित दस्तावेज ही अन्तिम रूप से मान्य होंगे।)

निदेशक मंडल

श्री लाल चंद चौधरी	–	अध्यक्ष एवं निदेशक
श्री अनिल कुमार	–	निदेशक
श्री भगवान सहाय	–	निदेशक
श्री बलदेव राम बेरवाल	–	निदेशक
श्री इन्द्र सिंह भाटी	–	निदेशक
श्री सुखपाल जाट	–	निदेशक
श्रीमती कौशल्या कुमारी	–	निदेशक
श्रीमती मंजु जाखड़	–	निदेशक
श्री भंवर लाल जाट	–	अतिरिक्त निदेशक
श्री डूंगर सिंह राठौड़	–	अतिरिक्त निदेशक
श्रीमती कौशल यादव	–	अतिरिक्त निदेशक
श्री सॉमन बिस्वास	–	विशेषज्ञ निदेशक
श्री श्रीराम सिंह	–	विशेषज्ञ निदेशक
श्री अनिल कुमार माथुर	–	निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी

कम्पनी सचिव
श्री अनूप गुप्ता

वरिष्ठ प्रबन्धक – वित्त
श्री कपिल पचौरी

वैधानिक अंकेक्षक
मैसर्स एस.बी. बिल्लीमोरिया एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकाउन्टेंटस्,
गुडगाँव, हरियाणा

आतंरिक अंकेक्षक
अरनेस्ट एंड यंग एलएलपी
चार्टर्ड एकाउन्टेंटस्,
गुडगाँव, हरियाणा

बैंकर्स
स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
बैंक ऑफ बड़ौदा
एच.डी.एफ.सी. बैंक
आई.सी.आई.सी.आई. बैंक

रजिस्टर्ड कार्यालय
पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
(CIN : U01211R12012PTC038955)
डी–232, 233, चौथी मंजिल, अटलान्टिस टॉवर,
वैशाली नगर, जयपुर–302 021 (राजस्थान)
फोन : +91–141–2352737
ईमेल : info@paayasmilk.com
www.paayasmilk.com

अनुक्रमणिका

	विवरण	पृष्ठ सं.
1.	निदेशकों का प्रतिवेदन	1–9
2.	स्वतंत्र अंकेक्षकों का प्रतिवेदन	10–11
3.	स्वतंत्र अंकेक्षकों के प्रतिवेदन का अनुलग्नक	12–15
4.	वार्षिक लेखा विवरण :	
	(अ) 31 मार्च, 2014 की अंकेक्षित बैलेंस शीट	16
	(ब) 31 मार्च, 2014 के लिये लाभ–हानि खाता	17
	(स) रोकड़ प्रवाह विवरण	18
	(द) अनुसूची संख्या (3–37)	19–34
5.	लेखांकन नीतियों का विवरण	35–38

संलग्न : तृतीय आम सभा का सूचना पत्र एवं सम्बंधित अनुलग्नक

प्रिय सदस्यों,

पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड की तृतीय आम सभा में आप सभी सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुये मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है।

वित्तीय वर्ष 2013–2014 कम्पनी के संचालन का सम्पूर्ण वर्ष था और इस अवधि के दौरान कम्पनी ने रू. 444.36 करोड़ का कुल करोबार किया। कम्पनी ने कर अदा करने के पश्चात् रु. 1.75 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया। आप द्वारा पायस को दी गई दुग्ध की प्रतिपूर्ति की वचनबद्धता के आधार पर लॉयल्टी इन्सेन्टिव दिया गया है जो आपके विश्वास को सुदृढ़ कर और प्रोत्साहित करेगा। कम्पनी के निदेशक मंडल ने आपके द्वारा लिए गये कम्पनी के समता अंशों पर सीमित लाभांश (डीविडेंट) भी देने का प्रस्ताव पारित किया है।

कम्पनी ''**पायस**'' ब्रांड के नाम से पॉली पैक दुग्ध और घी का विक्रय कर रही है। कम्पनी मुद्रिका एवं मुद्रिका गोल्ड के नाम से पशु आहार और मुद्रिका ब्रांड के नाम से मिनरल मिक्सचर भी दुग्ध उत्पादकों को उपलब्ध करवा रही है। कम्पनी द्वारा दुग्ध उत्पादकों के पशुओं के लिये उच्च स्तरीय प्रशिक्षित कृत्रिम गर्भाधान तकनीकज्ञों के माध्यम से गुणवत्ता प्रधान कृत्रिम गर्भाधान सेवा देने के लिए कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोले जा रहे है। कम्पनी चारा विकास संबंधी गतिविधियों के अर्न्तगत जिसमें चारा परिरक्षण (साईलेज) पर प्रदर्शन, घास काटने की मशीन संबंधी प्रदर्शन, चारा भण्डारण प्रदर्शन तथा गुणवत्ता युक्त चारा बीजों की आपूर्ति कर रही है।

कम्पनी की उत्तरोतर प्रगति में आप द्वारा दिये गये सहयोग के लिये आपका हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ एवं आशा करता हूँ कि भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा।

आपके द्वारा दिये जाने वाले अमूल्य सुझावों एवं मार्गदर्शन का सदैव स्वागत है।

शुभकामनाओं सहित,

आपका सद्भावी,
ह./–
(अनिल कुमार माथुर)
मुख्य कार्यकारी

पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

अंशधारकों के लिये निदेशकों की रिपोर्ट

निदेशकों को 31 मार्च, 2014 की समाप्त अवधि के कम्पनी के संचालन संबंधी अंकेक्षित खाते द्वितीय वार्षिक रिपोर्ट के साथ आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

कम्पनी का निगमन कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के प्रावधानों के अंतर्गत एक उत्पादक कम्पनी के रूप में 19 मई, 2012 को राजस्थान राज्य में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों का प्राथमिक तौर पर इसके सदस्यों से संग्रहण, क्रय, तथा प्रसंस्करण करने एवं उनके विपणन तथा उनसे संबंधित सभी प्रकार के क्रियाओं हेतु किया गया था।

कम्पनी की गत वर्ष 2012–13 की अवधि 19 मई, 2012 (कम्पनी के गठन की तिथि) से 31 मार्च, 2013 तक थी और कम्पनी ने अन्तिम चार महीनों (फ्लश के महीने) में अपने व्यापार का संचालन किया, इसलिये समीक्षा की अवधि वित्तीय वर्ष 2013–14 के आंकड़े जो कि 12 महीने के हैं, से तुलना नहीं की जा सकती है।

1. वित्तीय परिणाम (Financial Results)

संक्षिप्त में कम्पनी के वित्तीय परिणाम निम्न प्रकार हैं:–

(रू. करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए	31 मार्च, 2013 को समाप्त हुए वर्ष के लिए
परिचालन से आय	444.36	161.58
माल सहित कुल व्यय	441.70	161.19
कर पूर्व लाभ/(हानि)	2.66	0.39
कर हेतु प्रावधान	0.91	0.12
कर के पश्चात् अवधि का लाभ/(हानि)	1.75	0.27

वित्तीय वर्ष 2013–14, कम्पनी के संचालन का प्रथम सम्पूर्ण कार्य वर्ष था। हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि समीक्षा की अवधि के दौरान कम्पनी ने रू.444 करोड़ 36 लाख की कुल आय प्राप्त की।

समीक्षा की अवधि के दौरान कम्पनी की दुग्ध तथा दुग्ध उत्पादों के विक्रय से कुल आय रू.443.36 करोड़ हुई है जबकि अन्य आय रू.99.46 लाख की थी। वर्ष के दौरान कुल व्यय रू.441.70 करोड़ के थे जिसमें वित्त लागत रू.12.42 लाख और मूल्य ह्रास एवं क्षति संबंधी व्यय रू.1.29 करोड के सम्मिलित है, जिसके परिणामस्वरूप कम्पनी का कर से पूर्व लाभ रू.2.66 करोड़ और कर के पश्चात् शुद्ध लाभ रू.1.75 करोड़ रहा।

2. सीमित लाभांश (Dividend)

बोर्ड को रू. 10/– प्रति समता अंश की दर से कुल रू.1.07/– करोड़ लाभांश राशि (जिसमें रू.15.61 लाख डीविडेंट डीस्ट्रीब्यूशन टेक्स सहित) देने के लिये अनुशंसा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। सीमित आय (लाभांश) का भुगतान उन सदस्यों को किया जायेगा जिनका नाम 31 मार्च, 2014 को सदस्यता रजिस्टर में पंजीकृत है।

3. संचय में हस्तांतरण (Transfer to Reserve)

कम्पनी अंतर्नियम एवं बहिर्नियमों के प्रावधानों के अनुच्छेद 11.10 की अनुपालना में एवं कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 581ZI के तहत निदेशक मंडल ने रू. 78.04/- लाख की राशि को बैलेंस शीट में सामान्य संचय में जमा करने का प्रस्ताव है।

4. संचालन कार्य (Operations)

कम्पनी राजस्थान के 8 जिलों के 1178 गाँवों तथा अपने संचालन क्षेत्र के 1286 दुग्ध संग्रहण स्थलों से शुद्ध दुग्ध एकत्र कर रही है तथा समीक्षा अवधि के अन्तर्गत, कम्पनी ने 1199.96 लाख लीटर दुग्ध एकत्र किया। एकत्र किए जा रहे दुग्ध के प्रतिफल में कम्पनी अपने सदस्यों को तुलनात्मक रूप से लाभप्रद मूल्य प्रदान कर रही है।

कम्पनी ने अक्टूबर 2013 के महीने में राजस्थान राज्य में भिन्न-भिन्न प्रकार एवं मात्रा में पॉली पैक दुग्ध का विक्रय प्रारंभ कर दिया है। समीक्षा अवधि के दौरान पॉली पैक दुग्ध व घी की कुल विक्रय मात्रा क्रमशः 16.85 लाख लीटर व 116.50 मैट्रीक टन रही। कम्पनी को विश्वास है कि उसके पास अपने दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की मात्रा को विस्तारित करने के लिए बहुत संभावनाऐं है और इसलिए गत वर्ष के दौरान विक्रय एवं वितरण तंत्र को सशक्त बनाने हेतु 68 नवीन वितरकों तथा 580 नये खुदरा व्यापारियों को जोड़ा गया। वित्तीय वर्ष 2014-15 में कम्पनी ने 25 नये पायस के दुग्ध बूथ/पार्लर आरम्भ करने का लक्ष्य रखा है।

दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद (Milk and Milk Products)

दुग्ध :

कम्पनी ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता उत्पाद प्रदान करने हेतु इच्छा रखती है। लगभग 95 प्रतिशत कच्चे दुग्ध को अवशीतन के पश्चात् बड़ी दुग्ध कम्पनियों को भेजा जाता है। अतिरिक्त दुग्ध को प्रसंस्कृत कर ताजा एवं पौष्टिक दुग्ध उत्पाद बनाये जाते हैं तथा उनको राजस्थान के 12 जिलों में विक्रय किया जाता है।

कम्पनी ने पॉली-पैक दुग्ध विक्रय करने की शुरूआत अक्टूबर 2013 से की है। पॉली-पैक दुग्ध की विभिन्न श्रेणी इस प्रकार हैं:

1. **स्वस्थ एवं उत्तम (फिट एन फाइन) :** प्रत्येक पैक में वसा की न्यूनतम मात्रा 1.5 प्रतिशत तथा एस.एन.एफ. की न्यूनतम मात्रा 9 प्रतिशत।
2. **ताजा :** प्रत्येक पैक में वसा की न्यूनतम मात्रा 3 प्रतिशत तथा एस.एन.एफ. की न्यूनतम मात्रा 8.5 प्रतिशत।
3. **गोल्ड :** प्रत्येक पैक में वसा की न्यूनतम मात्रा 6 प्रतिशत तथा एस.एन.एफ. की न्यूनतम मात्रा 9 प्रतिशत।

घी :

पायस दानेदार घी को चखकर देखने पर एक ताज़ापन का अहसास प्राप्त होता है। घी कम्पनी का पहला उत्पाद है, बाज़ार मे उपलब्ध अन्य समान प्रकार के उत्पाद की तुलना में घी की उत्तम श्रेणी की गुणवत्ता आवश्यकताओं का ध्यान रखने का आश्वासन कम्पनी देती है। वर्तमान में यह 1 लीटर (सिक्का पैकिंग) एवं 15 किलोग्राम के टिन में उपलब्ध है।

पशु आहार (Cattle Feed)

कम्पनी अपने उत्पादक सदस्यों को उत्कृष्ट गुणवत्ता युक्त पशु आहार अत्यंत ही प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य पर ''मुद्रिका'' ब्राण्ड के नाम से उपलबध करवा रही है। वर्तमान में पशु आहार के मुद्रिका तथा मुद्रिका गोल्ड नाम के 2 ब्राण्ड दुग्ध उत्पादक को उपलबध हैं। दोनों ब्राण्ड भारतीय मानक ब्यूरों के पशु आहार संबंधी BIS-II मानकों के अनुरूप है।

मिनरल मिक्सचर (Mineral Mixture)

दुधारू पशुओं में उत्पादन एवं शरीर संबंधी समस्याओं के लिये उनके पोषण में खनिजों (मिनरल्स) की कमी सर्वाधिक जिम्मेदार है। अत: दुग्ध उत्पादक को गुणवत्ता युक्त एवं उचित मूल्य पर मिनरल मिक्सचर ''मुद्रिका'' नाम से कम्पनी द्वारा उपलबध करवाया जा रहा है। यह मिनरल मिक्सचर नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड के द्वारा राजस्थान के लिये दिये गये फार्मूले पर आधारित है जोकि राजस्थान की मिट्टी में उपलब्ध खनिजों के अध्ययन के आधार पर बनाया गया है। मुद्रिका मिनरल मिक्सचर पशुओं को उन्हीं खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करता है जिनकी कि राजस्थान की मिट्टी में कमी है।

5. आगामी योजना (Way Forward)

कम्पनी ने अक्टूबर 2013 के महिने में 'पायस' ब्रांड़ नाम के अन्तर्गत भिन्न–भिन्न प्रकार एवं मात्रा के पॉली पैक दुग्ध का सफलतापूर्वक शुभांरभ किया था। कम्पनी को ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है। कम्पनी ने एक वर्ष से कम की अवधि में 44000 ली. प्रतिदिन के उच्च विक्रय स्तर को प्राप्त कर लिया है। कम्पनी कुछ महीनों के अन्दर दही, छाछ, एवं लस्सी जैसे अन्य दुग्ध उत्पादों को बाजार में ला सकती है।

उत्पादक संस्था विकास (Producer Institution Building)

समीक्षा की अवधि के दौरान, कम्पनी के पीआईबी विभाग ने राजस्थान के 5 जिलों में 3595 सदस्यों के लिए सदस्य जागरूकता कार्यक्रम चलाया है, जिसमें सदस्यों को कम्पनी के साथ लाभकारी रूप से जुड़े रहने योग्य बनाने के लिए सदस्यता व कम्पनी से सम्बन्धित सूचना एवं उनकी भूमिका से अवगत करवाया गया।

कम्पनी के पास बड़े संचालन क्षेत्र के साथ–साथ एक बहुत बड़ा सदस्यता आधार है, जिस कारण कम्पनी ने सदस्यो को शामिल कर ग्राम संपर्क समूह (वी.सी.जी.) तथा सदस्य संबंध समूह (एम.आर.जी.) नामक अनौपचारिक समूहों का निर्माण करना उचित समझा, ताकि सदस्यों के मुद्दों का निवारण किया जा सके व कम्पनी एवं उसके सदस्यों के मध्य संबंध व जुड़ाव को और मज़बूत किया जा सके तथा दो तरफा प्रभावी संवाद सुनिश्चित किया जा सके। समीक्षा अवधि के दौरान, पीआईबी ने 1047 ग्राम संपर्क समूहों (वी.सी.जी.) तथा 96 सदस्य संबंध समूहों (एम.आर.जी.) का गठन किया, जिनमें क्रमश: 5218 व 1012 सदस्य हैं। वर्ष के दौरान, पीआईबी ने सदस्य संबंध समूहों (एम.आर.जी.) के 843 सदस्यों की क्षमता निर्माण हेतु 77 प्रशिक्षण कार्यक्रम किए। डेयरी के महत्व को समझाने तथा इसको आजीविका का महत्वपूर्ण स्त्रोत मानकर पेशे के रूप में स्वीकार कर करने हेतु युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पी.आई.बी. ने ग्रामीण युवा कार्यक्रम के तहत 51 युवाओं को प्रशिक्षित किया। डेयरी क्षेत्र के महत्व को समझाने एवं दुग्ध, दुग्ध उत्पादन और दुग्ध उत्पादक कम्पनी की गतिविधियों की जागरूकता देने के लिये पी.आई.बी. ने बच्चों के लिए जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम के तहत 98 बचों को प्रशिक्षित किया।

उप–परियोजना योजना (Sub Project Plan)

वित्तीय वर्ष 2013–14 में, कम्पनी ने निम्नलिखित के लिए नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड (एन.डी.डी.बी.) में स्थित, परियोजना प्रबंधन ईकाई को नेशनल डेयरी योजना – फेज प्रथम के तहत चार उप–परियोजनाओं की योजना पेश की थी:

1. ग्राम आधारित दुग्ध आधिप्राप्ति प्रणाली (वीबीएमपीएस) (Village Based Milk Procurement System)
2. राशन बैलेंसिंग प्रोग्राम (आरबीपी) (Ration Balancing Programme)
3. साध्य कृत्रिम गर्भाधान प्रजनन हेतु प्रायोगिक प्रतिरूप, व
4. चारा विकास

परियोजना प्रबंधन ईकाई ने नेशनल डेयरी प्लान–फेज प्रथम के तहत ऊपर दी गई सभी उप–परियोजना योजनाओं के लिये अनुदान सहायता की स्वीकृति प्रदान की है। सभी चार योजनाओं को कम्पनी के राजस्थान के पाँच संचालन जिलों जयपुर, सीकर, अजमेर, पाली एवं टोंक में लागू किया जा रहा है।

ग्राम आधारित दुग्ध आधिप्राप्ति प्रणाली (Village Based Milk Procurement System) (वीबीएमपीएस)

ग्राम आधारित दुग्ध आधिप्राप्ति प्रणाली का लक्ष्य दुग्ध एकत्रिकरण, जागरूकता निर्माण, प्रशिक्षण सत्रों का संचालन तथा अन्य ऐसी गतिविधियों के द्वारा अनेक साझेदारों की कम्पनी निर्माण क्षमताओं का सशक्तिकरण करना है। इसका उद्देश्य एक न्यायपूर्ण एवं पारदर्शी एकत्रिकरण तंत्र स्थापित करना और सदस्यों को उचित व यथासमय भुगतान सुनिश्चित करना है। ग्राम आधारित दुग्ध आधिप्राप्ति प्रणाली द्वारा संगठित डेयरी बाज़ार तक पूरे साल पहुँच बनाये रखकर लघु कृषकों के हितो की रक्षा सुनिश्चित करता है।

कम्पनी की योजना 999 गाँवों में स्थित 1,199 मिल्क पूलिंग पोईन्ट (एम.पी.पी.) को सशक्त करके तथा कुल 2,716 गाँवों में 1,717 नवीन एम.पी.पी. (योजना के अनुरूप) की स्थापना करके पाँच जिलों में ग्राम आधारित दुग्ध आधिप्राप्ति प्रणाली गतिविधि लागू करने की है। परियोजना के समापन पर, अनुमान है कि परियोजना के तहत 1,18,037 सदस्यों को सम्मिलित कर लिया जायेगा तथा 9,48,238 किलो प्रतिदिन दुग्ध एकत्रित करने की योजना है।

इस परियोजना के अन्तर्गत, 600 सहायकों के अनुस्थापन के लिए कम्पनी के द्वारा 30 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए। इसके अतिरिक्त, इस परियोजना को समझने के लिए क्षेत्रिय प्रबंधकों, प्रशिक्षकों एवं पीआईबी प्रबंधकों के साथ अनेक सभाएं की गईं। इसके अलावा 236 ग्राम आधारित जागरूकता कार्यक्रमों में 3,595 सदस्यों को डेयरी, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन और कम्पनी की सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

राशन बैलेंसिंग प्रोग्राम (आरबीपी) (Ration Balancing Programme)

राशन बैंलेंसिंग प्रोग्राम, पशु पोषण आधारित एक कार्यक्रम है जिसमें कि दुग्ध उत्पादक को उपलब्ध चारा स्त्रोतों के संतुलित प्रयोग एवं क्षेत्र विशेष खनिज मिश्रण का उपयोग कर दुधारू पशुओं की उत्पादन एवं प्रजनन क्षमता में सुधार लाने हेतु वैज्ञानिक सलाह दी जाती हैं, जिससे कि दुग्ध उत्पादन की लागत में कमी कर दुग्ध उत्पादक की आय में वृद्धि होती है।

राशन बैंलेंसिंग प्रोग्राम का लक्ष्य तकनीकी सेवाओं के प्रावधानों के साथ चारा खिलाने की वैज्ञानिक विधि को दुग्ध उत्पादकों के घर तक पहुँचाकर पशुओं की उत्पादन एवं प्रजनन क्षमता में सुधार लाना है, जिससे कि पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता में सुधार हो सके एवं दुग्ध उत्पादन की लागत कम कर दुग्ध उत्पादक को आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके।

कम्पनी एक चरणबद्ध तरीके से 2,700 गाँवों तक राशन बैंलेंसिंग प्रोग्राम की सेवाओं को पहुँचाने के लिए तंत्र का विकास कर रही है। ग्राम स्तर पर राशन बैंलेंसिंग प्रोग्राम की सेवओं को प्रदान करने के लिए ग्रामीण युवकों से अनुबन्ध करार किया जा रहा है जिसे स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति (एलआरपी) कहा जाएगा। स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति को ईनाफ सॉफ्टवेयर (INAPH Software) एवं इंटरनेट कनेक्शन संस्थापित एक नेटबुक प्रदान किया जायेगा, ताकि वह आरबीपी की सलाह प्राप्त कर कृषकों के घर तक पहुँचा सके। एक स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति दो संसक्त गाँवों में राशन नियंत्रण सलाहकार सेवाएं प्रदान कर रहा है। स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति को राशन नियंत्रण की विभिन्न प्रक्रियाओं, ईनाफ सॉफ्टवेयर, कृषकों से संवाद तथा पशु पालन व प्रबंधन के मूल तत्वों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उपरोक्त की सहायता से स्थानीय स्त्रोत व्यक्ति, दुग्ध उत्पादकों को उचित सेवा प्रदान कर रहा है।

चारा विकास (Fodder Development)

राजस्थान में, हरे चारे की उपलब्धता कुछ क्षेत्रों एवं विशेष ऋतु में ही सीमित है। चारागाहों पर बढ़ती जनसंख्या के दबाव के कारण उपलब्ध चारागाह खत्म हो रहे हैं तथा उनका अधिक दोहन हो रहा है। इसके अलावा, तीव्र शहरीकरण के कारण चारागाह सिमटते जा रहे है। इससे भी अधिक, अनाजों, तिलहनों एवं दालों की बढ़ती हुई आवश्यकता व कृषि अवशिष्टों के विविध उपयोगों के लिए भूमि पर बढ़ते दबाव के कारण चारे की माँग एवं आपूर्ति के मध्य अन्तर बढ़ रहा है।

चारे की आपूर्ति को पूरे वर्ष सुनिश्चित करने के लिए, यह आवश्यक है कि चारा उत्पादन के अन्तर्गत आने वाली उपलब्ध भूमि की उत्पादकता को बढ़ाने, चारे के उपयोग की क्षमता को बेहतर करने और चारे के नुकसान को कम करने व चारे के संरक्षण को भी बेहतर बनाने पर ध्यान केन्द्रित किया जाये।

अत: कम्पनी ने चारा विकास संबंधी गतिविधियां प्रारंभ की है जैसे: चारा परिरक्षण (साईलेज) पर प्रदर्शन, घास काटने की मशीन संबंधी प्रदर्शन, चारा भण्डारण प्रदर्शन तथा गुणवत्ता युक्त चारा बीजों की आपूर्ति।

साध्य कृत्रिम गर्भाधान प्रजनन हेतु प्रायोगिक प्रतिरूप (Pilot Model for viable Artificial Insemination Delivery) (AI)

कम्पनी ने किसानों के द्वार तक उच्च आनुवांशिकी का उपयोग कर उचित रूप से प्रशिक्षित योग्यता प्राप्त कृत्रिम गर्भाधान तकनीकज्ञों के द्वारा मानक संचालन प्रक्रियाओं को अपनाकर गुणवत्ता प्रधान कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं को पहुँचाने के उद्देश्य से कृत्रिम गर्भाधान सेवाओं को लागू किया है, ताकि दुधारू पशुओं की उत्पादकता को बढ़ाते हुए एवं साथ ही दुग्ध उत्पादन की लागत कम करके दुग्ध उत्पादक की आय में वृद्धि की जा सके। इस योजना के तहत, कम्पनी द्वारा राजस्थान के पाँच जिलों क्रमश: जयपुर, अजमेर, सीकर, पाली और टोंक में 2,700 से अधिक गाँवों को चयनित करते हुए 450 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का संचालन किया जाना है।

कम्पनी युवकों की भर्ती कर उन्हें मान्यताप्राप्त प्रशिक्षण केन्द्रों में कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण एसओपी के मापदंड़ों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करवाती है। कृत्रिम गर्भाधान की सेवा प्रदान करते समय तकनीकी महत्ता के साथ, एसओपी के अनुरूप पशु की पहचान के लिये पशु के कान पर कुडक लगाई जाती है। कृत्रिम गर्भाधान की दिनांक से 21 दिनों बाद पशु की पुन: गर्मी की जाँच की जाती है एवं साथ ही 90 दिनों के बाद गर्भावस्था की जाँच एवं पशु के ब्याने तक की सूचना रखी जाती है। आधारभूत प्रशिक्षण के उपरान्त, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता को उचित कार्यक्षेत्र में भेजकर अनुभव प्रदान करवाया जाता है, तथा उसके बाद उन्हें आवश्यक उपकरण प्रदान किये जाते हैं और उन्हें दुग्ध उत्पादक के द्वार तक उत्कृष्ठ गर्भाधान सेवा प्रदान करने हेतु कार्यक्षेत्र में तैनात किया जाता है। प्रजनन सेवा प्रदान करने हेतु कार्य के निरीक्षण एवं कार्यक्षेत्र में विस्तार के लिए, प्रति क्षेत्र में लगभग 20 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों वाले क्षेत्रों में कार्यरत गतिशील कृत्रिम गर्भाधान तकनीकज्ञों को रखा गया है, एक संबंधित परिवीक्षण अधिकारी प्रति क्षेत्र नियुक्त किया गया है। एक प्रजनन विशेषज्ञ 6-7 संबंधित परिवीक्षण अधिकारी को तकनीकी एवं प्रबंधकीय सहयोग प्रदान करवाता है।

पर्यावरण एवं सामाजिक गतिविधियाँ (Environment & Social Activities)

कम्पनी ने पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रबंधन संरचना के दिशा-निर्देशों से नेशनल डेयरी प्लान-फेज प्रथम के अन्तर्गत प्रस्तावित गतिविधियों से सम्बन्धित पर्यावरणीय एवं सामाजिक प्रभावों की पहचान की है। गाँवों एवं विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सभाओं के दौरान, महिलाओं एवं नोजवानों को दुग्ध-उद्योग में शामिल करने की महत्ता पर जोर दिया जाता है तथा सदस्यों के साथ उस

विशिष्ट गाँव में दुग्ध–उद्योग से संबन्धित विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा की जाती है। दुग्ध–उद्योग में महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाने के लिए कम्पनी ने महिला सदस्यों के लिए भर्ती शुल्क को 50 प्रतिशत तक घटा दिया है।

कम्पनी ने अपने सभी कार्यक्रमों में लिंग भेद संवेदीकरण की पहल की है। महिला सशक्तिकरण एक भिन्न विषय है, जिसके बारे में सहायकों को विशेष तौर पर उनके अनुस्थापन कार्यक्रमों में बतलाया जाता है। हाल में ही एक सलाहकारी संस्था के सहयोगियों के एक बैच, जिन्हें कृषकों/सदस्यों को उत्पादक जागरूकता कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने के लिए चुना गया था, को दुग्ध–उद्योग में महिलाओं की भूमिका के बारे में प्रशिक्षित किया गया तथा उनके सहयोग से यह संदेश कम्पनी की सभी महिला सदस्यों तक पहुँचेगा जिससे उनमें जागरूकता आएगी। प्रयास किए जा रहे हैं कि अधिक से अधिक महिला एलआरपी, तकनीकी अधिकारियों, मेट एवं पशु कार्यकारियों को भर्ती किया जाए। आने वाले समय में, हम राजस्थान की महिला उद्यमियों की जीवनियों को तैयार करने तथा इन्हें योजनागत विभिन्न महिला जागरूकता कार्यक्रमों में दिखाने की योजना बना रहे हैं।

गुणवत्ता का आश्वासन (Quality Assurance)

कम्पनी के विकास में गुणवत्ता ने अहम भूमिका निभाई है। हमारे दुग्ध अवशीतन केन्द्र (एमसीसी) मूलभूत जाँच सुविधाओं से सुसज्जित हैं। दुग्ध अवशीतन केन्द्रों पर प्रयोगशाला की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कम्पनी और अधिक जाँच उपकरणों जैसे कि डिजीटल विद्युतीय काँटे, जल–निकासी रैक, वातशोषक बोतल आदि को उपलब्ध करवा रही है। कम्पनी ने निरन्तर रूप से कच्चे दुग्ध की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू की है। कम्पनी ने दुग्ध गुणवत्ता में सुधार लाने एवं उसे बनाये रखने के लिए कम्पनी में कार्यरत प्रयोगशाला रसायनज्ञों एवं एमसीसी प्रभारी के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये थे। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में दुग्ध जाँच विधियों, एफएसएसएआई के नियमों, स्वच्छता, सुरक्षा, अच्छी निर्माण कार्यकुशलता, व स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, स्थान की सफाई तथा दुग्ध की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अच्छी प्रयोगशाला कार्यशैली के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कम्पनी को भविष्य में अच्छी गुणवत्ता के दुग्ध उत्पाद लाने का पूरा भरोसा है।

सदस्यों के बैंक खाते (Member's Bank Accounts)

कम्पनी सभी कार्य/संचालन स्तरों पर पारदर्शिता लाकर, अपने सदस्यों का सशक्तिकरण करने में पूर्ण रूप से विश्वास रखती है। एक कदम और आगे बढ़ाते हुए, कम्पनी का प्रयास है कि वह अपने सदस्यों को भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में करें। समीक्षा अवधि के दौरान लगभग 7,800 सदस्यों के बैंक खाते खुलवाये गये। कम्पनी प्रत्येक सदस्य का बैंक खाता खुलवाने का प्रयास निरन्तर करती रहेगी। सदस्यों से निवेदन है कि जिनके पास अपने व्यक्तिगत बैंक खाते नही हैं, वे जल्दी से जल्दी अपने व्यक्तिगत बैंक खाते खुलवालें और अपने हित में उसकी सूचना कम्पनी को दें, जिससे कम्पनी के साथ उनके लेन–देन में सुरक्षा, गति एवं सुविधा सुनिश्चित होगी। इससे सदस्यों को अपने धन को बचाकर व अपनी आय को सुरक्षित रखने की आदत पड़ेगी तथा इसके फलस्वरूप उन्हें पर्याप्त बैंक सुविधाओं जैसे कि विभिन्न ऋण (लोन) व निवेश योजनाओं को प्राप्त करने का लाभ प्राप्त होगा।

6. निदेशक (Directors)

डॉ. एन. वी. बेलावाडी जोकि एक विशेषज्ञ निदेशक हैं ने दिनांक 27 जून, 2014 को अपना त्याग–पत्र दे दिया हैं। बोर्ड ने डॉ. एन. वी. बेलावाडी द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान कम्पनी की एक उत्पादक कम्पनी के रूप में स्थापना में दिये गये अमूल्य सहयोग, सलाह एवं मार्गदर्शन की सराहना की हैं।

श्री अजीत सिंह परमार, जोकि एक विशेषज्ञ निदेशक हैं ने दिनांक 15 जुलाई, 2014 को अपना त्याग पत्र दे दिया है। बोर्ड ने उनके द्वारा कम्पनी को प्रदान की गई सेवाओं की सराहना की हैं।

श्री प्रहलाद, जोकि एक निदेशक हैं ने दिनांक 23 जुलाई, 2014 को अपना त्याग पत्र दे दिया है। बोर्ड उनको प्रथम निदेशक के रूप में कम्पनी के आरंभ से दिये गये सहयोग हेतु धन्यवाद देता हैं।

श्री श्रीराम सिंह, प्रेक्टिस हेड इंस्टीट्यूशन बिल्डिंग, एन डी डी बी डेयरी सर्विसेज, को दिनांक 27, जून, 2014 से कम्पनी के विशेषज्ञ निदेशक के रूप में 2 वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया हैं।

कम्पनी अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.7 (i) के आधार पर कम्पनी सदस्यों श्रीमती कौशल यादव, श्री भंवर लाल जाट एवं श्री डूंगर सिंह राठौड़ को क्रमश: दिनांक 31 मार्च, 2014, 15 मई, 2014 तथा 5 अगस्त 2014 से अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया हैं। ये आगामी तृतीय वार्षिक आमसभा तक पदासीन रहेंगे एवं योग्य होने के कारण पुन: नियुक्त हो सकते हैं जोकि चक्रिय क्रम से सेवानिवृत होंगें, जिस पर अंशधारकों द्वारा अनुमोदन किया जा सकता है,

बोर्ड निदेशकों की संरचना एवं निदेशकों की पुन: नियुक्ति:

कम्पनी अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.4 में सदस्यों के संरक्षक एवं बोर्ड में उनके प्रतिनिधित्व के आधार पर विभिन्न वर्गों में जहां तक संभव हो सके संबंधित श्रेणी के सदस्यों के संरक्षक के आधार पर वर्गीकृत करने हेतु मानदण्ड प्रदान किये गये हैं। तीन विभिन्न वर्गो श्रेणी–ए, श्रेणी–बी तथा श्रेणी–सी में संरक्षक के आधार पर सदस्यों को वर्गीकृत करने के मानदण्डों को कम्पनी की प्रथम वार्षिक आम–सभा में अनुमोदित किया गया था।

आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर सदस्यों द्वारा वित्तीय वर्ष 2013–14 में संरक्षक के मानदण्ड पूरे करने अथवा नही करने पर यह पाया गया कि कुल सदस्यों में से 68 प्रतिशत सदस्यों ने ही अपनी श्रेणी के आधार पर 31 मार्च 2014 को दिये गये संरक्षक के मानदण्डों को पूरा किया हैं। इसी प्रकार इन 68 प्रतिशत सदस्यों में से क्रमश: 11 प्रतिशत श्रेणी–ए, 19 प्रतिशत श्रेणी–बी तथा 70 प्रतिशत श्रेणी–सी के हैं। जबकि उक्त श्रेणी ए, बी एवं सी के मध्य उनके द्वारा आपूर्ति किये गये दुग्ध की मात्रा का अनुपातिक प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान क्रमश: 39%, 18% एवं 43% था। इसी प्रकार बोर्ड की संरचना में सभी वर्गो को संरक्षक के आधार पर प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए निदेशकों की संख्या क्रमश: श्रेणी–ए में 4, श्रेणी–बी में 2 तथा श्रेणी–सी में 5 निदेशक होती हैं। वर्तमान बोर्ड उपरोक्त वर्णित अनुच्छेद 9.4 की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करता हैं।

कम्पनी अंतर्नियमों के अनुच्छेद 9.6 के आधार पर श्री भगवान सहाय एवं श्री बलदेव राम बेरवाल कम्पनी निदेशक (क्रमश: श्रेणी–ए तथा श्रेणी–बी का प्रतिनिधित्व करते हैं) कम्पनी की भावी वार्षिक आमसभा में सेवानिवृत हो रहे हैं तथा योग्य होने के कारण पुन:नियुक्त हो सकते हैं। पुन: नियुक्त हो रहे दोनों निदेशकों का नाम एवं योग्यता संबंधी विवरण होने वाली तृतीय वार्षिक आम सभा के नोटिस के साथ संलग्न हैं। बोर्ड उनकी पुन:–नियुक्ति की अनुशंसा करते हैं।

7. सदस्यता/वोटे देने का अधिकार/अंश पूंजी

31 मार्च, 2014 को प्रदत्त अंश पूंजी रु. 9.18 करोड है, जबकि कम्पनी के सदस्य रजिस्टर में 37824 सदस्य दर्शाये गये हैं। इस समीक्षा अवधि के दौरान 9640 सदस्यों की सदस्यता, सदस्यता मानदण्ड पूरे नही करने के कारण रद्द/समर्पित कर दी गई हैं।

जैसा कि बताया गया है कि 31 मार्च, 2014 के बाद नई सदस्यता आवंटित करने से सदस्यों की संख्या में वृद्धि के कारण इस रिपोर्ट की तिथि को सदस्यों की कुल संख्या 53372 है, जबकि कुल प्रदत्त अंश पूंजी रू. 9.89 करोड हैं।

सदस्यता निरस्त होने से बचने के लिए सभी सदस्यों जोकि श्रेणी–ए, श्रेणी–बी तथा श्रेणी–सी के हैं से निवेदन हैं कि वे सभी अपनी सदस्यता को सूचारू रूप से बनाये रखने के लिये, अपनी श्रेणी के संरक्षक मानदंड़ों की शर्तो को संबंधित वित्तीय वर्ष में आवश्यक रूप से पूरा करें है।

वोट देने का अधिकार एवं वार्षिक आमसभा में उपस्थिति :

कुल 37824 सदस्यों में से मात्र 22631 सदस्यों को ही वोट देने का अधिकार है तथा पिछले वित्तीय वर्ष 2013–14 में न्यूनतम 200 दिन में कम से कम 500 लीटर दुग्ध की आपूर्ति नही करने के कारण शेष 15193 सदस्यों ने तृतीय वार्षिक आमसभा में अपना वोट देने का अधिकार खो दिया हैं।

नये सदस्य जिन्हें 31 मार्च, 2014 के बाद कम्पनी में शामिल किया गया हैं, वे वित्तीय वर्ष 2013–14 के लाभांश एवं तत्पश्चात् होने वाली वार्षिक आमसभा में वोट डालने के लिए पात्र नही होंगे।

8. निदेशकों के दायित्व संबंधी विवरण (Directors Responsibility Statement)

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2AA) के अनुसार, कम्पनी का निदेशक मंडल इसके सदस्यों को सूचित करता है कि:–

a) वित्तीय वर्ष के लेखें तैयार करते समय लागू होने वाले लेखांकन मानकों का उचित व्याख्या सहित अनुपालन किया गया है।

b) निदेशकों ने ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया है और उन्हें निरन्तर लागू किया है तथा ऐसे निर्णय और अनुमान किये है जो कि इतने तर्कसंगत और उपयुक्त है कि वित्तीय वर्ष के अन्त में कम्पनी के कारोबार की स्थिति तथा इस अवधि के दौरान कम्पनी के लाभ का सही और उचित दृश्य प्रस्तुत कर सकें।

c) कम्पनी की संपत्तियों की सुरक्षा के साथ छल–कपट/धोखेबाजी को रोकने तथा बचाव हेतु इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निदेशकों ने सही लेखें तैयार करने तथा उनके रख–रखाव के लिए आवश्यक उचित एवं पर्याप्त सावधानी रखी है।

d) निदेशकों ने वार्षिक लेखे प्रगतिशील प्रतिष्ठान के आधार पर तैयार किये हैं।

9. आंतरिक नियंत्रण पद्धति (Internal Control System)

कम्पनी में संपत्तियों की सुरक्षा के लिये तथा सभी प्रकार के व्यवहारों को अधिकृत करने, दर्ज करने तथा सही सूचना देने के लिये सही तथा उचित आंतरिक नियंत्रण पद्धति विद्यमान है। कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 581 ZF की अनुपालना में अरनेस्ट एंड यंग एलएलपी चार्टर्ड एकाउन्टेंटस् स्वतंत्र रूप से कम्पनी का आंतरिक अंकेक्षक नियुक्त किया है जोकि स्वतंत्र रूप से कम्पनी की आंतरिक नियंत्रण पद्धति की औचित्यता की समीक्षा करने के साथ–साथ नियमित रूप से कम्पनी के खातों एवं व्यवहारों का अंकेक्षण करते रहते है।

10. अंकेक्षक (Auditors)

मैसर्स एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी, चार्टर्ड एकांउटेंट्स, वैधानिक अंकेक्षकों का कार्यकाल आगामी वार्षिक आम सभा को समाप्त हो रहा है तथा योग्य होने के कारण उनकी पुन:नियुक्ति का प्रस्ताव रखा है। कम्पनी को अंकेक्षकों से इस आशय का प्रमाण–पत्र प्राप्त हो चुका है कि अगर उनकी पुन:नियुक्ति होती है तो वह कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 224 (1बी) के प्रावधानों के अनुसार होगा।

आपके निदेशक मैसर्स एस. बी. बिल्लीमोरिया एण्ड कम्पनी को वैधानिक अंकेक्षक के रूप में आगामी वार्षिक आम सभा में नियुक्ति की अनुशंसा करते हैं।

11. लागत अनुपालना रिपोर्ट (Cost Compliance Report)

कम्पनी नियम, 2011 (लागत लेखांकन रिपोर्ट) की आवश्यकताओं के अनुसार कम्पनी के वित्तीय वर्ष 2013–14 पर लागू होने वाली लागत अनुपालना रिपोर्ट निर्धारित वैधानिक समय सीमा में संलग्न कर केन्द्र सरकार को भेजी जा चुकी हैं।

12. कर्मचारियों का विवरण (Particulars of Employees)

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (2A) को कम्पनी नियम, 1975 के साथ पढा जाये के अनुसार समीक्षा अवधि के दौरान किसी भी कर्मचारी ने किसी भी स्थिति में पारिश्रमिक/प्रतिफल के रूप में कुल मिलाकर रू. 60 लाख वार्षिक अथवा रू. 5 लाख प्रतिमाह से अधिक राशि प्राप्त नही की है।

13. ऊर्जा संरक्षण, शोध एवं विकास, तकनीकी समावेश, विदेशी विनिमय आय तथा निकासी :- (Conservation of Energy, Research & Development, Technology Absorption, Foreign Exchange Earning & Outgo)

कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 (1)(ई) के अनुसार आवश्यक विवरण देने के संबंध में इसे (निदेशक मंडल की रिपोर्ट में विवरण का प्रकटीकरण) कम्पनी नियम, 1988 के साथ पढा जाये।

कम्पनी नियमों के भाग ए तथा बी ऊर्जा संरक्षण तथा तकनीकी समावेश के संबंध में कम्पनी पर लागू नही होते है।

विदेशी विनिमय आय तथा निकासी : आय : शून्य, निकासी : शून्य

14. आभार (Acknowledgement)

निदेशक मंडल, कम्पनी के सदस्यों, व्यावसायिक सहयोगियों के प्रति इस अवधि के दौरान उनके सहयोग तथा योगदान की प्रशंसा करते है, एवं साथ ही बैंकों, कर्मचारियों तथा आंतरिक एवं वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा कम्पनी को प्रदान किये गये नियमित सहयोग के लिये धन्यवाद देते है।

निदेशक मंडल, नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड, नेशनल डेयरी डवलपमेंट बोर्ड डेयरी सर्विसेज तथा मदर डेयरी फ्रूट एण्ड वेजीटेबल प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा प्रोत्साहन एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते है।

वास्ते निदेशक मंडल
ह./-
(लाल चंद चौधरी)
अध्यक्ष एवं निदेशक

स्थान : जयपुर

दिनांक : 5 अगस्त, 2014

पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

सदस्यों के लिये स्वतंत्र अंकेक्षकों का प्रतिवेदन (Auditors' Report)

वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

हमने दिनांक 31 मार्च, 2014 को कम्पनी का आर्थिक चिट्ठा (बैलेन्स शीट) , लाभ–हानि तथा रोकड़ प्रवाह दिनांक 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिये पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के संलग्न वित्तीय विवरणों, संक्षिप्त महत्वपूर्ण अकांउटिंग नीतियों तथा अन्य व्याख्यात्मक सूचनाओं का अंकेक्षण किया है।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में प्रबन्धन का दायित्व

कम्पनी अधिनियम, 1956 (कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के संबंध में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय का जनरल पत्र 15/2013 दिनांक 13.09.2013 लागू हो रहे हैं) में वर्णित लेखा मानकों (अकांउटिंग स्टैण्डर्ड) तथा आमतौर पर भारत में लागू लेखांकन मानकों के अनुसार कम्पनी के प्रबन्धकों का दायित्व कम्पनी के वे सभी वित्तीय विवरण तैयार करना है जो कम्पनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादकता (परफोरमेंस) तथा कम्पनी के रोकड़ प्रवाह की सही जानकारी प्रदान करते हों। इसमें वे सभी दायित्व सम्मिलित हैं जो वित्तीय विवरण तैयार करने तथा उनका प्रस्तुतीकरण करने हेतु कम्पनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तैयार कर उसे लागू करने तथा बनाये रखना है जिससे कम्पनी के वित्तीय लेखे कम्पनी की सही जानकारी प्रदान करें तथा जो धोखेबाजी या त्रुटिपूर्ण तथ्यात्मक गलत कथनों से मुक्त हों।

अंकक्षकों का दायित्व

हमारा दायित्व इन वित्तीय विवरणों पर अंकेक्षण के आधार पर अपनी राय प्रकट करना है। हमने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकांउटेंटस ऑफ इण्डिया द्वारा अंकेक्षण पर जारी मानकों के अनुसार अंकेक्षण किया है। इन मानकों के लिये आवश्यक है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का पालन करते हुए अंकेक्षण की योजना तथा उसका निष्पादन इस प्रकार करें जिससे इस बात के लिए आश्वस्त किया जा सके कि वित्तीय लेखे सभी प्रकार के गलत तथ्यात्मक कथनों से मुक्त हैं।

अंकेक्षण में वित्तीय विवरणों में दी गई राशियों तथा प्रकाशित तथ्यों के अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करना शामिल है। अंकेक्षण के लिए चयनित प्रक्रिया अंकेक्षक के स्व–विवेक एवं निर्णय पर निर्भर करती है जिसमें वित्तीय विवरणों के संदर्भ में कपटपूर्ण या गलती से दिये गये गलत तथ्यात्मक कथनों से संबंधित जोखिम की मात्रा का अनुमान लगाना भी शामिल है। ऐसी परिस्थितियों के लिए आवश्यक अंकेक्षण प्रक्रिया तैयार करने हेतु अंकेक्षक इस प्रकार की जोखिम का निर्धारण करने के लिए कम्पनी के उन सभी आंतरिक नियंत्रणों पर विचार करता है जो कम्पनी के वित्तीय लेखे तैयार कर उसके उचित प्रस्तुतीकरण करने में आवश्यक है। परन्तु कम्पनी के आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशीलता पर अपने विचार प्रकट करने का उद्देश्य नहीं है। साथ ही अंकेक्षण का उद्देश्य लेखांकन के लिये प्रयोग की जा रही नीतियों की औचित्यता तथा प्रबन्धन के लेखांकन अनुमानों की तार्किकता के साथ–साथ लेखों के सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना भी है।

हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किये गये अंकेक्षण साक्ष्य अंकेक्षण पर राय प्रकट करने के लिए एक आधार के रूप में पर्याप्त एवं उचित हैं।

राय (Opinion)

हमारी राय में एवं हमें प्राप्त जानकारी तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार, उपरोक्त वर्णित वित्तीय विवरण, आमतौर पर भारत में स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप, अधिनियम के अन्तर्गत सत्य एवं निष्पक्ष सूचनायें देते हैं।

(अ) 31 मार्च, 2014 को कम्पनी के क्रियाकलापों की स्थिति के लिये चिट्ठा।

(ब) लाभ–हानि के विवरण हेतु समापन तिथि को कम्पनी का लाभ–हानि खाता।

(स) रोकड़ प्रवाह विवरण हेतु समापन तिथि को कम्पनी का रोकड़ प्रवाह।

अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं पर प्रतिवेदन (रिपोर्ट)

1. अधिनियम की धारा 227 (4A) के तहत केन्द्र सरकार द्वारा जारी कम्पनीज़ (अंकेक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2003 (''आदेश'') के अन्तर्गत, हमने आदेश के पैराग्राफ 4 एवं 5 में वर्णित तथ्यों पर विवरण अनुलग्नक 1 में दिया है।
2. कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 581ZG में वर्णित तथ्यों पर हमनें विवरण अनुलग्नक 2 में दिया है।
3. अधिनियम की धारा 227(3) की आवश्यकतानुसार, हमारी रिपोर्ट निम्न प्रकार है:–

   (अ) हमने वे सभी सूचनायें तथा स्पष्टीकरण प्राप्त किये हैं जो हमारी जानकारी में अंकेक्षण के उद्देश्य से आवश्यक थे।

   (ब) हमारी राय में कम्पनी ने वैधानिक रूप से आवश्यक सभी लेखे उचित तरीके से बना रखे हैं जोकि हमारे द्वारा लेखा पुस्तकों के किये गये परीक्षण से प्रकट होता है।

   (स) इस रिपोर्ट में वर्णित कम्पनी का चिट्ठा, लाभ–हानि खाता तथा रोकड़ प्रवाह कम्पनी की लेखा पुस्तकों के अनुरूप है।

   (द) हमारी राय में कम्पनी का चिट्ठा, लाभ–हानि खाता तथा रोकड़ प्रवाह अधिनियम के तहत (कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के संबंध में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय का जनरल पत्र 15/2013 दिनांक 13.09.2013 लागू हो रहे हैं) वर्णित लेखा मानकों के अनुरूप है।

   (य) कम्पनी के निदेशकों से प्राप्त लिखित प्रस्तुतीकरण तथा निदेशक मंडल के 31 मार्च, 2014 को रिकॉर्ड के अनुसार कोई भी निदेशक अधिनियम की धारा 274 (1)(g) के अनुसार निदेशक नियुक्त होने के लिए अयोग्य नहीं है।

वास्ते एस. बी. बिल्लीमोरिया एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकांउटेंट्स
(पंजीयन संख्या : 101496W)
ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
पार्टनर
(सदस्यता संख्या : 87104)

जयपुर, 27 जून 2014

स्वतंत्र अंकेक्षकों के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) का अनुलग्नक-1

हमारी समतिथि की अंकेक्षण रिपोर्ट ''अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं'' के अन्तर्गत पैराग्राफ 1 में निर्दिष्ट

कम्पनी के व्यवसाय तथा क्रियाओं की प्रकृति एवं इस अवधि के दौरान कम्पनी के परिणामों की प्रकृति को देखते हुए आदेश के पैराग्राफ 4 के उपनियम (x) तथा (xiii) कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।

(i) कम्पनी की अचल संपत्तियों के संबंध में :-

अ. कम्पनी ने अचल संपत्तियों का विवरण, मात्रा तथा उनकी स्थितियों को दर्शाने के लिये उचित रिकॉर्ड बना रखे हैं।

ब. वर्ष के दौरान कम्पनी प्रबन्धन के द्वारा अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन एक नियमित सत्यापन कार्यक्रम के तहत किया गया है, जिसमें संपत्तियों के भौतिक सत्यापन हेतु दिया गया अंतराल हमारी राय में सही है। हमें प्रदान की गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार इस प्रकार के सत्यापन में किसी भी प्रकार की कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पाई गई है।

स. इस दौरान कम्पनी ने किसी भी अचल संपत्ति का निस्तारण नहीं किया है। अत: आदेशक के उपनियम 4(i)(c) कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।

(ii) कम्पनी के स्टॉक के संबंध में :-

अ. हमें दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार इस वर्ष के दौरान कम्पनी प्रबंधन द्वारा स्टॉक का उचित अंतराल पर भौतिक सत्यापन किया गया है।

ब. हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार हमारी राय में प्रबंधन द्वारा स्टॉक के भौतिक सत्यापन के लिए अपनाई गई प्रक्रिया कम्पनी के आकार तथा उसके व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार उचित एवं सही है।

स. हमारी राय में एवं हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी द्वारा स्टॉक का उचित रिकॉर्ड रखा गया है तथा भौतिक सत्यापन पर किसी भी प्रकार की कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पाई गई है।

(iii) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के अनुसार कम्पनी ने किसी भी कंपनियों, फर्मों या रजिस्टर में दर्ज किसी भी पक्षकार अथवा पक्षकारों से किसी भी प्रकार का कोई सुरक्षित या असुरक्षित ऋण दिया या लिया नहीं है।

(iv) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, स्पष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए खरीदे गये कुछ सामान विशेष प्रकृति के हैं तथा इनके उपयुक्त विकल्प तुलनात्मक कोटेशन प्राप्त करने के लिए सरलता से उपलब्ध नहीं हैं। कम्पनी के आकार तथा इसके व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार माल व अचल संपत्तियां क्रय करने तथा माल के विक्रय हेतु उचित आंतरिक नियंत्रण पद्धति विद्यमान है। वर्ष के दौरान कम्पनी का संचालन सेवाओं की किसी भी

बिक्री को उत्पन्न नहीं होने देता है। अंकेक्षण के दौरान आंतरिक नियंत्रण प्रक्रिया में हमें कोई महत्वपूर्ण कमी नज़र नहीं आई।

(v) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार ऐसा कोई भी अनुबंध एवं व्यवस्था नहीं है जिसे कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 की पालना में, रजिस्टर में प्रविष्ट करना जरूरी हो।

(vi) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने किसी प्रकार की कोई सार्वजनिक जमायें स्वीकार नहीं की हैं, इसलिये आदेश के उपनियम 4 (vi) के प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होते हैं।

(vii) हमारी राय में कम्पनी के प्रबंधन द्वारा नियुक्त चार्टर्ड एकांउटेंट्स फर्म द्वारा वर्ष के दौरान किए गये आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य कम्पनी के आकार और इसके व्यवसाय की प्रकृति के अनुरूप है।

(viii) हमने कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 209 (1)(d) के अधीन केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये कम्पनीज (लागत लेखा रिकार्ड) नियम, 2011 के अनुसार बनाये गये लागत रिकार्ड की विस्तृत समीक्षा की है और हमारे विचार में, प्रथम दृष्टया, निर्धारित लागत रिकार्ड रखे गये हैं। लेकिन हमने इन लागत रिकार्डो की इस दृष्टि से जाँच नहीं की है, की ये सही और पूर्ण हैं।

(ix) वैधानिक देय के संबंध में हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार :-

अ. कम्पनी नियमित रूप से निर्विवादतौर पर देय वैधानिक दायित्वों की राशियों जैसे भविष्य-निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, विक्रय कर, सेवाकर तथा अन्य कोई भी कम्पनी पर लागू होने वाले महत्वपूर्ण वैधानिक दायित्वों आदि का उपयुक्त अधिकरण को नियमित भुगतान करती रही है। हमें सूचित किया गया है कि कम्पनी द्वारा इस वर्ष के दौरान किये गये कार्यो के कारण किसी भी प्रकार का कोई निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं धन कर जैसा कोई भी दायित्व उत्पन्न नहीं हुआ है।

ब. 31 मार्च, 2014 को ऐसी कोई भी निर्विवाद राशि देय नहीं है, जैसे भविष्य निधि, निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, विक्रय कर, धनकर, सेवाकर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क सेस तथा अन्य महत्वपूर्ण वैधानिक देय, जिसको 6 माह हो गये हों।

स. आयकर, विक्रय कर, धनकर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेस की ऐसी कोई भी राशि 31 मार्च, 2014 को देय नहीं है जिसे किसी विवाद के कारण जमा नहीं कराया गया हो।

(x) हमारी राय में एवं हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने बैंकों को बकाया की वापसी अदायगी में कोई चूक नहीं की है। हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने वित्तीय संस्थानों से किसी प्रकार का कोई ऋण नहीं लिया है एवं ना ही कोई ऋण-पत्र (डिबेंचर) जारी किये हैं।

(xi) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने अंशों, ऋण-पत्रों या अन्य प्रतिभूतियों को गिरवी रख कोई ऋण या अग्रिम नही दिया है।

(xii) हमारी राय में एवं हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी अंशों, प्रतिभूतियों और डिबेंचरों में व्यवसाय अथवा व्यापार नहीं कर रही है। अत: आदेश के उपनियम 4 (xiv) कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(xiii) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने अन्य के द्वारा किसी बैंक या वित्तीय संस्थाओं से लिये गये ऋण की कोई गारंटी नहीं दी है।

(xiv) हमारी राय में एवं हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने जिस उद्देश्य के लिये सावधि ऋण लिया था, उसका उपयोग कम्पनी ने उन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया, जिसमें अस्थाई परिनियोजन लंबित आवेदन शामिल नहीं हैं।

(xv) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार एवं चिट्ठे का मूल्यांकन करने पर हम रिपोर्ट करते हैं कि कम्पनी द्वारा इस वर्ष में प्रथम दृष्ट्या, अल्पावधि आधार पर ली गई निधि का दीर्घावधि निवेश हेतु उपयोग नहीं किया गया है।

(xvi) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी द्वारा कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 301 के तहत कम्पनी ने रजिस्टर में दर्ज किये गये किसी भी पक्षकारों या कंपनियों को अंशों का प्राथमिक आवंटन नहीं किया है।

(xvii) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने कोई ऋण–पत्र जारी नहीं किए हैं।

(xviii) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने कोई सार्वजनिक निर्गम से पूंजी नहीं जुटाई है।

(xix) हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण एवं हमारी जानकारी के अनुसार कम्पनी के द्वारा या कम्पनी पर किसी भी प्रकार का कोई धोखेबाजी का आरोप इस दौरान नहीं देखा गया है।

वास्ते एस. बी. बिल्लीमोरिया एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकांउटेंट्स
(पंजीयन संख्या : 101496W)
ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
पार्टनर
(सदस्यता संख्या : 87104)

जयपुर, 27 जून, 2014

स्वतंत्र अंकेक्षकों के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) का अनुलग्नक–2

हमारी समतिथि की अंकेक्षण रिपोर्ट अन्य वैधानिक एवं नियामक आवश्यकताओं के अन्तर्गत पैराग्राफ 2 में निर्दिष्ट

1. विक्रय किए गये माल एवं सेवाओं से प्राप्त बकाया लेनदारियों की राशि का प्रकटीकरण वित्तीय आंकड़ों की नोट संख्या 16 में है। हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कोई भी बकाया लेनदारियाँ पुन: प्राप्ति हेतु संदिग्ध नहीं है।

2. हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार प्रबंधन द्वारा वर्ष के अंत में हस्तगत रोकड़ का भौतिक सत्यापन किया है तथा इस तरह के सत्यापन पर किसी भी प्रकार की कोई महत्वपूर्ण विसंगति नहीं पाई गई है। हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी के पास किसी भी प्रकार की निवेशिय प्रतिभूतियाँ नहीं हैं।

3. 31 मार्च, 2014 को सम्पत्तियाँ एवं दायित्वों का विवरण 31 मार्च, 2014 को समाप्त वित्तीय वर्ष के वित्तीय आंकड़ों के अनुसार है।

4. हमारी राय में एवं हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने कोई ऐसा लेन–देन नहीं किया है जोकि कम्पनी अधिनियम, 1956 के भाग IXA के प्रावधान के विरुद्ध हो।

5. हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने निदेशकों को कोई ऋण नहीं दिया है।

6. हमें प्रदान की गई सूचनाओं तथा दिये गये स्पष्टीकरण के अनुसार कम्पनी ने वर्ष के दौरान किसी भी प्रकार का कोई दान एवं प्रमाणीकरण नहीं किया है।

वास्ते एस. बी. बिल्लीमोरिया एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकांउटेंट्स
(पंजीयन संख्या : 101496W)
ह./–
जितेन्द्र अग्रवाल
पार्टनर
(सदस्यता संख्या : 87104)

जयपुर, 27 जून, 2014

पायस मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

31 मार्च, 2014 को आर्थिक चिट्‌ठा

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	विशिष्टियाँ	नोट संख्या	31 मार्च 2014 को स्थिति	31 मार्च 2013 को स्थिति
क.	**शेयर एवं दायित्व**			
	1. अंशधारकों का कोष			
	(अ) अंश पूंजी	3	918,26,300	422,97,800
	(ब) संचित एवं अधिशेष	4	78,04,643	9,91,424
			996,30,943	**432,89,224**
	2. स्थगित अनुदान (Deferred Grant)	5	560,87,413	–
	3. गैर–चालू दायित्व			
	(अ) दीर्घकालीन ऋण	6	629,60,000	–
	(ब) दीर्घकालीन प्रावधान	7	–	1,55,953
	(स) स्थगित कर देनदारियां (शुद्ध)	8	21,21,190	7,14,167
			650,81,190	**8,70,120**
	4. चालू दायित्व			
	(अ) अल्पकालीन ऋण	9	555,84,193	–
	(ब) व्यापारिक देनदारियां	10	688,19,157	238,89,929
	(स) अन्य चालू दायित्व	11	1731,06,585	1416,12,369
	(द) अल्पकालीन प्रावधान	12	133,80,495	17,32,835
			3108,90,430	**1672,35,133**
	योग		**5316,89,976**	**2113,94,477**
ख.	**संपत्तियां**			
	1. गैर चालू संपत्तियां			
	(अ) स्थायी संपत्तियां			
	(i) मूर्त संपत्तियां	13अ	1249,28,945	1120,07,987
	(ii) अमूर्त संपत्तियां	13ब	68,301	86,301
	(iii) प्रगति अधीन पूंजीगत कार्य	13स	711,26,511	–
			1961,23,757	**1120,94,288**
	(ब) दीर्घकालीन ऋण एवं अग्रिम	14	10,70,648	11,49,968
			1971,94,405	**1132,44,256**
	2. चालू संपत्तियां			
	(अ) स्टॉक	15	343,16,899	224,13,504
	(ब) व्यापारिक लेनदारियाँ	16	394,24,810	35,37,298
	(स) रोकड एवं बैक शेष	17	2506,54,853	577,43,600
	(द) अल्पकालीन ऋण एवं अग्रिम	18	51,16,369	133,62,565
	(य) अन्य चालू संपत्तियां	19	49,82,640	10,93,254
			3344,95,571	**981,50,221**
	योग		**5316,89,976**	**2113,94,477**

देखें, संलग्न नोट्स, जोकि वित्तीय विवरण का हिस्सा है

हमारे संलग्न प्रतिवेदन के संदर्भ में

वास्ते एस. बी. बिल्लीमोरिया एंड कम्पनी

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

ह./–

जितेन्द्र अग्रवाल

पार्टनर

स्थान : जयपुर

दिनांक : 27 जून, 2014

वास्ते निदेशक मंडल एवं उनकी ओर से

ह./–	ह./–	ह./–
